





## भगवान बिरसा मुंडा का आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान : सांसद

**एकलव्य विद्यालय कराहल में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 नवम्बर।** श्योपुर-मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक थे, आजादी के आंदोलन में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे आज धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन वर्ष के अवसर पर कराहल स्थित शासकीय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर पीएम जनमन अंतर्गत 2.52 करोड लागत के 21 आंगनबाडी केन्द्रों एवं 3.60 करोड लागत के 6 मल्टीपरपज सेंटर का लोकार्पण किया गया तथा कार्यक्रम के माध्यम से पीएम जनमन योजना अंतर्गत निर्मित 7 हजार 500 आवासों में हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया। इसके साथ ही पीएम जनमन अंतर्गत 15.32 करोड लागत की 17 सडको का भूमिपूजन भी संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा, सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबीनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरैया, उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बत्तो बाई आदिवासी, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कैलाशनारायण गुप्ता, उपस्थित रहें। सहरिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबीनेट मंत्री दर्जा तुरसनपाल बरैया ने कहा कि 15 नवंबर 1875 को झारखण्ड के उलिहातू गांव में जन्मे भगवान बिरसा मुण्डा ने जो मार्ग दिखाया है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उपाध्यक्ष राज्यमंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी ने इस अवसर पर भगवान बिरसा मुण्डा की जंयती पर सभी को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके बताये मार्ग का अनुसरण करने पर बल दिया। विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने कहा कि स्वतंत्रता के आंदोलन में भगवान बिरसा मुण्डा का योगदान महत्वपूर्ण रहा है।

भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा ने अपने समुदाय को एकत्रित कर अंग्रेजी शासन के विरूद्ध आंदोलन छेडा, जंगलों और अधिकारों की रक्षा की और अपनी जनजातीय संस्कृति एवं सामाजिक न्याय के लिए अमूल्य योगदान दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी द्वारा भगवान बिरसा मुण्डा की जयंती पर सभी को शुभकामनाएं प्रदान की गई। पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा का बलिदान और विरासत हमें प्रेरणा देती रहेगी, उन्होंने अंग्रेजी शासन के विरूद्ध आंदोलन छेडा और बलिदान हो गये। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से अपील की कि प्रेरणा लेते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करे। ाजपा मंडल अध्यक्ष हरनाथ देवरिया ने भगवान बिरसा मुण्डा के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और जनजातीय गौरव दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी गई।

## दस्तक अभियान में श्योपुर जिले को मिली प्रदेशभर में पहली रैंक

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 नवम्बर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के नेतृत्व में दस्तक अभियान अंतर्गत श्योपुर जिले को पहली रैंक मिली है, प्रदेशभर में बच्चों के स्वास्थ्य सुधार के लिए चलाये गये दस्तक अभियान में श्योपुर जिले का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा और पूरे प्रदेश में श्योपुर जिला प्रथम स्थान पर आया है।

यह अभियान 22 जुलाई से 16 सितंबर तक चलाया गया था, अभियान के तहत 5 साल तक बच्चों की होने वाली बीमारियाँ जैसे निमोनिया, डायरिया, एनीमिया, विटामिन ए की दवा पिलाना, छूटे बच्चों का टीकाकरण, जन्मजात बीमारियों की पहचान एव बाल्याकल में होने वाली समस्त प्रकार की बीमारियों की स्क्रीनिंग कर पहचान करना एवं उपचार प्रबन्धन का कार्य स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के साथ ही स्वास्थ्य विभाग और महिला बाल विकास विभाग की संयुक्त बैठके आयोजित कर अभियान के क्रियान्वयन पर फोकस किया गया तथा अभियान अंतर्गत नियमित रूप से समीक्षा की गई।

दस्तक अभियान के प्रथम चरण से डायरिया रोको अभियान में दर्ज सेवाओं के आधार पर मध्य प्रदेश की रैंकिंग तैयार की गई जिसमें श्योपुर जिला प्रथम रैंक पर रहा।

सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार ने बताया कि श्योपुर जिले में दस्तक अभियान के तहत 558 सत्रों के विरुद्ध 557 सत्र अयोजित कर 99 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की एव 439 सत्र का जिला एव ब्लॉक टीम ने मॉनिटरिंग की गई तथा अभियान का प्रचार प्रसार 557 सत्रों के विरुद्ध 545 सत्रो पर प्रचार प्रसार सामग्री का प्रदर्शन किया गया। बच्चों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य 86714 के विरुद्ध 83368 बच्चों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें 100 प्रतिशत बच्चों, को विटामिन ए की दवा पिलाई गई स्क्रीन के दौरान एनआरसी में भर्ती के लिए 204 बच्चे चिन्हित किए गए जिसके विरुद्ध 235 बच्चे एनआरसी में एडमिट कर 115 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई।

इसी प्रकार 78042 बच्चों के एनीमिया की स्क्रीन के विरुद्ध 80186 बच्चों की स्क्रीनिंग कर 102 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की गई, स्क्रीनिंग के दौरान गंभीर डायरिया के 389 बच्चे चिन्हित किये गये, जिनका उपचार किया गया तथा 83368 बच्चों को घर पर दस्त रोग की देखभाल हेतु एव घरेलू उपचार हेतु ओआरएस का पैकेट और जिंक की गोली वितरण कर परामर्श दिया गया जिसकी उपलब्धि 96 प्रतिशत रही।

## साढ़े सात हजार आदिवासी परिवारों को मिला अपना घर

### जनजातीय गौरव दिवस पर हुआ गृह प्रवेश, कराहल में सांसद तोमर पहुंचे हितग्राही के आवास पर




**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 नवम्बर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन अवसर पर 15 नवंबर को आयोजित जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर श्योपुर जिले के साढे सात हजार आदिवासी परिवारों को गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कराहल ग्राम पंचायत अंतर्गत हितग्राही सियाराम पुत्र अंगद आदिवासी को उसके आवास पर पहुंचकर विधि विधान से गृह प्रवेश कराया गया एवं परिवार को नये घर की शुभकामनाएं दी गई।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा के मार्गदर्शन में पीएम जनमन योजना के तहत आदिवासी हितग्राही परिवारों को आवास स्वीकृत किये गये है तथा नियमित मॉनीटरिंग के माध्यम से उन्हें शीघ्रता से पूर्ण कराया जा रहा है। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिले में पूर्ण हो चुके साढे सात हजार परिवारों को उनके नये आवासों में गृह प्रवेश कराया गया है।

सीईओ जिला पंचायत सुश्री सौम्या आनंद ने बताया कि अंतर्गत श्योपुर जिले में साढे सात हजार आदिवासी परिवार है, जिन्हें नवीन आवास में गृह प्रवेश कराया गया, उन्होने बताया कि जनपद पंचायत श्योपुर अंतर्गत 1800, कराहल अंतर्गत 3300 एवं विजयपुर अंतर्गत 2400 आदिवासी हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया।

## कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट एंड फेस्टिबल का शुभारम्भ



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 नवम्बर।** मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट एंड फेस्टिवल के द्वितीय संस्करण का शुभारंभ गत शुक्रवार को किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सहारिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) सीताराम आदिवसी उपस्थित थे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर श्री उपाध्याय, ग्राम ससईपुरा के सरपंच वीर सिंह आदिवासी, कूनो नेशनल पार्क के एसडीओ (वन विभाग) अमृतांशु सिंह, कराहल के एसडीएम ब्रह्मस्वरूप श्रीवास्तव, कराहल तहसील की तहसीलदार रोशनी शेख, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के डिप्टी डायरेक्टर (इवेंट एवं मार्केटिंग) युवराज पडोले, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सोशल मीडिया शाखा की प्रमुख श्रीमती नीलम रावत, इवोक एक्सपीरियंसेस कंपनी के महाप्रबंधक सौरभ सेन गुप्ता उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में बधाई नृत्य में श्री राम व श्री कृष्ण के जन्म की बधाई का नृत्य प्रस्तुत किया। धुव्र बेदी बैंड ग्रुप द्वारा शिव कैलासों के वासी, छाप तिलक सब छीनी, लग जा गले की धुनों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध नौरता लोक नृत्य ने मध्य प्रदेश की परंपरा को मंच पर जीवंत कर दिया।

कूनो फॉरेस्ट रिट्रीट एंड फेस्टिवल इस आयोजन के माध्यम से कूनो राष्ट्रीय उद्यान के प्रचार प्रसार के साथ पर्यावरण, पर्यटन व वन्यजीव से लेकर चीता सरंक्षण के उद्देश्य को सार्थक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस हेतु विभिन्न हितधारको (ट्रेवल ऐजेन्ट्स, टूर ऑपरेटर्स) के साथ विभिन्न मीडिया प्रतिनिधियों एवं इंफ्लुएंसर्स को भी आमंत्रित किया जाता है।

इस वर्ष यह कार्यक्रम स्थानीय कला, शिल्प, लोक संगीत, नृत्य और व्यंजनों के माध्यम से मध्य प्रदेश के जन जीवन, कला, संस्कृति, रीति-रिवाजों और समृद्ध परंपराओं का अनुभव करने के लिए एक आदर्श मंच के रूप में काम करता है। यहां साहसिक खेल और प्रकृति के शौकीनों को आनंदित करने के लिए उत्साहवर्धक गतिविधियों का समावेश होगा। पर्यटक यहां पैरासेलिंग, हॉट एयर बैलून, ऑन साइट के साथ स्टार गेजिंग, जंगल सफारी तथा नाइट वाक के अनुभवों का भी आनंद ले सकेंगे।



## श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे विधायक

**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 15 नवम्बर।** इंदरगढ़ सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ऊंचिया सिद्धेश्वर सरकार के प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पहुंचे सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल परम पूज्य संत से आशीर्वाद लिया इसके बाद मंच पर जाकर कथा व्यास गद्दी पर विराजमान परम पूज्य महाराज जी से आशीर्वाद लिया कथा रसपान की साथ में उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रघुनाथ सिंह कमरिया उत्तम सिंह कमरिया भास्कर गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह यादव राममिलन यादव बबलू यादव पवन पाठक आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## पार्किग व्यवस्था को लेकर मैरिज गार्डन्स का निरीक्षण

**श्योपुर, 15 नवंबर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी डूडा विजय शाक्य एवं ट्रैफिक्र पुलिस प्रभारी संजय राजपूत द्वारा अधीनस्थ अमले के साथ पार्किग व्यवस्था को लेकर विभिन्न मैरिज गार्डन्स का अवलोकन किया गया तथा हिदायत दी गई कि मैरिज गार्डन्स के बाहर यातायात प्रभावित होने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।




## अतिक्रमण हटाने की हलचल तेज, लोगों ने शुरू किया कब्जा हटाना

**प्रशासन द्वारा अलॉटमेंट जारी होते ही बाजारों में बढ़ी गतिविधि**

**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 नवम्बर।** विजयपुर नगर की मैंन रोड पर लंबे समय से फैले अतिक्रमण को व्यवस्थित करने की दिशा में प्रशासन ने हाल ही में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए अलॉटमेंट जारी किया है। हालांकि अभियान की आधिकारिक तारीख अभी तय नहीं की गई है, लेकिन प्रशासन की इस सखती की आहट भर से शहर में हलचल शुरू हो गई है।

अलॉटमेंट जारी होने के बाद से बाजार में यह चर्चा आम हो गई है कि प्रशासन किसी भी समय अतिक्रमण-विरोधी अभियान शुरू कर सकता है। इसी आशंका के चलते कई दुकानदारों और मकान मालिकों ने संभावित कार्रवाई से पहले ही अपने स्तर पर कब्जा हटाना शुरू कर दिया है। रास्तों में जगह-जगह लोग शेड, टीनटप्पर, फुटपाथ पर बढ़ाई गई दुकानें और अवैध चबूतरे हटाते देखे गए।प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि मुख्य सड़क पर फैले अतिक्रमण के कारण शहर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। पैदल चलने वालों से लेकर वाहन चालकों तक सभी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी स्थिति को सुधारने के लिए अतिक्रमण हटाने का अभियान तैयार किया जा रहा है, जिसकी तारीख जल्द घोषित होगी।हालांकि अभियान शुरू होने से पहले ही लोगों द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाने की पहल को अधिकारियों ने सकारात्मक कदम बताया है। उनका कहना है कि यदि नागरिक स्वयं सहयोग करेंगे तो अभियान अधिक प्रभावी और विवादरहित तरीके से पूरा किया जा सकेगा। इधर शहरवासियों में भी उम्मीद बढ़ी है कि अभियान शुरू होने के बाद मुख्य सड़क एक बार फिर व्यवस्थित, सुगम और साफ-सुथरी दिखाई देगी।

### तारीख जल्द होगी घोषित

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मैंन रोड पर अतिक्रमण हटाने का अभियान प्रस्तावित है और इसकी अंतिम तारीख जल्द तय की जाएगी। नागरिकों से अपील है कि वे स्वेच्छा से अवैध निर्माण हटाकर सहयोग दें, ताकि अभियान सुचारू रूप से पूरा हो सके।

## विजयपुर में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई

**जनजातीय गौरव दिवस पर विभिन्न संगठनों ने किया आयोजन**

**नवभारत न्यूज**
**विजयपुर, 15 नवम्बर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में तथा जिला समन्वयक नेहा सिंह एवं ब्लॉक समन्वयक साहिन परवीन के मार्गदर्शन में संस्था माता पार्वती ग्राम उत्थान समिति द्वारा सेक्टर अगरा स्थित पार्वती मंदिर प्रांगण में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि रामदीन आदिवासी तथा जनजाति समाज के जिला अध्यक्ष बाईसराम आदिवासी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आसपास के ग्रामों से आए आदिवासी समुदाय के लोगों एवं प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिरसा मुंडा युवा स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने अंग्रेजी शासन के अत्याचारों के विरुद्ध जनजातीय समाज को संगठित कर संघर्ष की ज्योति प्रज्वलित की। कार्यक्रम में संस्था के नीतेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, नगर इकाई विजयपुर द्वारा भी नगर स्थित जनजाति छात्रावास में बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने आदिवासी छात्रों को फूलमाला पहनाकर एवं मिठाई वितरित कर जयंती का उत्सव मनाया तथा बिरसा मुंडा के संघर्षपूर्ण जीवन चरित्र की विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में नगर मंत्री अभय वैष्णव, भाग संयोजक राहुल वैष्णव, नगर सह मंत्री ऋषभ गोयल, कार्यालय मंत्री अरुण वैष्णव, आशीष धाकड़, बृजेश राठौर, राहुल रजक, सलमान खान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दुर्गापुरी चौकी पर जमीनी विवाद को लेकर हत्या

**एसपी ने किया चौकी प्रभारी कंषाना को लाइन अटैच**



**नवभारत न्यूज**
**श्योपुर, 15 नवम्बर।** श्योपुर जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूरी स्थित मानपुर दुर्गापुरी चौकी के सामने पैतृक भूमि सुदीप सिंह पुत्र स्वर्गीय ओमकार सिंह चौहान एवं अन्य भाइयों की भूमि थी । भूमि उनके पिता ओमकार सिंह की थी , फोती नामांतरण के बाद पिता की भूमि पुत्रों के नाम आने पर एवं मृत्यु के बाद उक्त जमीन को उनके वारिस करते चले आ रहे थे , बीच में उन्होंने उक्त भूमि को क्यारपुरा निवासी मीणा को गिरवी रख दी थी।

सात आठ साल पहले उक्त जमीन को गिरवी रखने के बाद जब जमीन मालिक सुदीप , श्याम सिंह पुत्रगण ओमकार सिंह चौहान निवासी के श्योपुर ने अपनी जमीन को लेने की बात कही तो बटाईदार उक्त जमीन को किसी भी कीमत पर वापस करने को तैयार नहीं था , यह सिलसिला कई दिनों से चला रहा था करीब दो माह पहले आपसी राजीनामा हो गया उक्त जमीन का राजीनामा राशि 15 लाख रुपऐ थी जिसकी आधी राशि आठ नौ लाख पूर्व में दे दी थी शेष राशि बच्ची 8 लाख के करीब उन्होंने पुन: दे दी थी इस बवाजुद एसी क्या वजह रही की इतनी बडी घटना घटित हो गई कि एक की जान चली गई यह एक जांच का विषय हैं। पुलिस अधिक्षक श्योपुर ने दुर्गापुरी चौकी प्रभारी नरेश कंषाना को लाइन अटैच कर दिया हैं। थाना मानपुर मारपीट फरि सुदीप पुत्र स्व. ओमकार सिंह चौहान उम्र 49 साल नि. महाराणा प्रताप नगर श्योपुर ने रिपोर्ट की कि दि. 14.11.25 के 18.00 बजे स्थान फरि. का क्यारपुरा वाला खेत आरोपीगण दिलखुश पुत्र सरेश मीणा , राजेन्द्र पुत्र सुरेश मीणा , सुरेश पुत्र रामनाथ मीणा , गप्पू पुत्र युगराज मीणा नि.गण क्यारपुरा थाना मानपुर ने फरि का रस्ता रोककर लाठी तलवारों से मारपीट कर चोट पहुंचाई एवं फरि. की एक 12 बोर की बंदूक की नली तोंड दी एवं जान से मारने की धमकी दी दि. 14.11.25 के 19.19 बजे अप. 115(2), 296(ए), 126(2), 118(1), 351(2), 324(4), 3(5) बीएनएस कायम कर लिया हैं।

## सेवढ़ा विधायक अग्रवाल ने सुनी जनसमस्याएं

**अधिकारियों को दिए तत्काल निराकरण के निर्देश**



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 15 नवम्बर।** इन्दरगढ़ स्थित अपने निज निवास पर आज क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों तथा आमजन की समस्याएं सुनने के लिए सेवड़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल पहुंचे। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और वार्डों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर उपस्थित हुए।विधायक अग्रवाल ने प्रत्येक नागरिक की बात धैर्यपूर्वक सुनी और जिन समस्याओं का समाधान तत्काल संभव थाए उनके लिए मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों से टेलीफोनिक बातचीत कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा कि जनता की समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अग्रवाल ने कहा कि जनता की सेवा ही जनप्रतिनिधि का पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों की निरंतर समीक्षा की जा रही है और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए प्रशासनिक तंत्र के साथ सतत संवाद बनाकर रखा गया है।इस अवसर पर नगर और ग्रामीण अंचल से आए नागरिकों ने पानी, सड़क, बिजली, राजस्व, किसान हित, पेंशनए राशन कार्ड तथा आवास योजना से जुड़ी अपनी समस्याएं रखीं।

विधायक ने प्रत्येक विषय पर गंभीरता से चर्चा की और कुछ प्रकरणों में तत्काल निराकरण की कार्रवाई भी प्रारंभ कराई।उन्होंने कहा कि सेवड़ा विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास उनका संकल्प हैए और इसके लिए वे निरंतर जनता के बीच रहकर कार्य कर रहे हैंए बैठक के दौरान उपस्थित नागरिकों ने विधायक प्रदीप अग्रवाल के संवेदनशील व्यवहार और त्वरित कार्रवाई की सराहना की तथा आभार व्यक्त किया।